# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/एफ/प्रशा/प्रवेश/2025/9993 दिनांक 13/08/25

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त संबंद्ध महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः– "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग" अभियान का क्रियान्वयन

संदर्भः–कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग म0प्र0 शासन का पत्र क्रमांक 2778/864/आउशि/अकादमी/2025, भोपाल दिनांक 10/08/2025

संदर्भित पत्रानुसार भारत सरकार द्वारा दिनांक 11 अगस्त 2025 से 14 अगस्त 2025 की अवधि से हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के कियान्वयन हेतु जारी निर्देशों के अनुक्रम में महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के माध्यम से जन सामान्य में देश भक्ति की भावना जागृत किया जाने हेतु "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता" के अन्तर्गत निम्नानुसार निर्देश जारी किया जाना सुनिश्चित करें।

1. हर घर तिरंगा अभियान के लिए प्रत्येक महाविद्यालय में एक नोडल अधिकारी मनोनीत किया जाए।
2. प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा दिनांक 11 अगस्त 2025 से 14 अगस्त 2025 के बीच तिरंगा रैली का अयोजन किया जाए।
3. प्रत्येक महाविद्यालय में सेल्फी प्वाइंट बनाते हुए अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक एवं कर्मचारी सेल्फी लेकर संबंधित वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों का सेल्फी के साथ ऑनलाईन पंजीयन कराना सुनिश्चित किया जाए।
5. समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक/प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय संबंधित कलेक्टर महोदय से तत्काल सम्पर्क कर "हर घर तिरंगा" अभियान से संबंधित समस्त गतिविधियों में सक्रिय सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करें।

इसके साथ ही समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालको को निर्देशित किया जाता है कि उक्त निर्देशों की सतत् समीक्षा की जाए एवं सेल्फी के पंजीयन की अद्यतन जानकारी प्रतिदिन सांय 5 बजे क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक के वाट्सएप समूह पर संभागवार प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

आदेशानुसार

13/08

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल।
2. स्टॉफ ऑफिसर अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
3. निज सहायक, समस्त कुलगुरू शासकीय/अशासकीय विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश।
4. अध्यक्ष, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल।
5. समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश।
6. कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
8. प्रभारी आई.टी.सेल की ओर इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड करें।

सहा/उप–कुलसचिव (प्रशा0)